श्रीगणेशायनमः एवंग्रहा विराजत्वा श्रेष्ठपत्री सुखीनरः सुदशा फलप्राप्नोति भृगुणा परिभाषितः ॥ पापक्रूर ग्रहापूजा क्रियतेफल प्राप्नुयात भाग्यवृद्धि विशेषेण मनवांछित फलप्रदा ॥ ग्रहापूजा नकर्तव्यम अर्धप्राप्ति नसंशयः चन्द्रस्त्री महाप्रीति आनन्द अति ध्यानकं ॥ आदिपठनश्च विद्यायां अन्तविद्या विसर्जनं बहूविद्या नप्राप्नोति कार्यमात्रश्च सिद्धति ॥ अष्टमेथादशे वर्षे बालवृद्धि दिने दिने तातधन शुभकार्य विवाहोत्सव मंगलम ॥ सप्तचन्द्र मितेवर्षे सून्यराम मितेतया भाग्यवृद्धि
सं०७० विशेषेण धनप्राप्तिनसंशयः ॥ देहकष्ट विजानीयात् औषधि प्रतिशांतये गुप्तचिंता शरीरेच शत्रुपक्ष विरोधता ॥ युग्म
१०५ अल्पगतेकाव्य पूर्णआयु नसंशयः व्ययदीर्घ विजानीयात छत्रचिंतान प्राप्तये ॥ गुप्तचधन प्राप्नोति कस्मिन् कालेन संशयः पत्नीगर्भश्च स्थित्वा अल्पजीवीच बालकः ॥ आदहर्ष विजानीयात पश्चाते शोकबूडनं सर्वसुखश्च प्राप्नोति पुत्रसुख विनश्यति ॥ बामचिंता महाक्लेशं भृगुणापरिभाषितः ॥ भाषा ॥ भगुजी कहते हैं हे पुत्र इस जीव की कथा सुनो पत्र श्रेष्ठ है स्वदशा में फल अच्छा करेंगे पाप और क्रूर ग्रहों का मन्त्रजाप कराना श्रेष्ठ है भाग्य की वृद्धि होगी मन इच्छा पूर्ण होगी इतने पाप ग्रहों के दान मन्त्र न बनेंगे अधूरी लाभ होगी यह जीव बुद्धिवान् अक्लमन्द सूरमा दूसरे की बात को तोले सत्य झूठ को पहचाने धीरज धारी विद्यापूर्ण नहो परन्तु पढ़ों से भी ज्यादे प्रतिष्ठा हो ८ वर्ष से १८ तक विवाह स्त्री प्राप्त तात का धन शुभ काम में खर्च हो १७ वर्ष से ३० तक भाग्य की वृद्धि हो धन की प्राप्ति हो शरीर में कुछ खेद हो औषधि से आराम हो शत्रु पक्ष से विरोध हो कष्ट अल्प भुगत कर आयु पूर्ण ७२ वर्ष की हो खर्च विशेष हो छत्रचिंता [illegible] समय गुप्तधन की प्राप्ति हो पत्नीगर्भ धारण करे अल्पजीवी बालक हो माता पिता को दुख दिखावे हे शुक्र इस जीव को पृथ्वी पर

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सुख हो परन्तु पुत्रोंके सुख को भटकता रहे ॥ शुक्रोवाच ॥ केनपाप प्रभावेण पुत्रसुख विनश्यति पूर्वजन्म कथा
कथ्यं उचारण विधिपूर्वकं ॥ भृगुवाच ॥ ठाकुरवंश कुलेजन्म बहुसेवी नरोभवेत् कोटपति गजग्रामीच बन्धुकुल
विरोधता ॥ ज्येष्ठभ्रातश्च पुत्रोवा अर्धभागीच बालकः तातमृत्यु भवेल्लोके सुमाता देवपूजनं ॥ ठाकुरं लोभकं कार्यं भ्रात
पुत्रश्चमृत्युदा माताच देवमन्द्रस्य दीर्घशाप मुखंददेत् ॥ भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं इस जीव का पूर्व एक समय में ठाकुर वंश में
स०३० जन्म हुवा था सो हाथी घोड़े ग्राम बड़ा धनवान था सो बड़ा भ्रात एक पुत्र छोड़ के मृत्यु को प्राप्त हुवा और
१०६ उसकी स्त्री देवताओं के मन्द्र में पूजा करने लगी सो उस ठाकुर का आपस में हिस्सा बांटने में बहुत विवाद बढ़ गया
आखीर अन्त में ठाकुर ने अपने बड़े भ्रात के पुत्र को नष्ट करा दिया तो उसकी माता ने देवमन्द्र में जाय के बहुत रुदन
किया और शाप दिया कि तूभी सात जन्म तक बारंबार भटकता रहे ॥ शुक्रोवाच ॥ किंदानं कस्यपूजाच किंमन्त्र
किंजापकं बन्धुमुखंशापं सर्वपापश्चनष्टकं ॥ भाषा ॥ हेपिता कौनसे दानमन्त्र जाप कराने से पूर्वजन्म का पापनष्ट
हो और यह पुत्रोंके सुख देखे सो कहो ॥ भृगुवाच ॥ स्वर्णस्यप्रतिमाकारं सप्तटंकप्रमाणकं नराकारोलिखेन्मूर्ति गंगाजल
स्नानकं ॥ गायत्री मन्त्रकंजापं अर्धलक्ष प्रमाणकं मन्त्रमन्तानगोपालं श्रद्धामात्र कं तथा ॥ देवकीसुत गोविंद वासुदेव
जगत्पते देहिमेतनयंकृष्ण त्वामहंशरणंगतः ॥ श्रेष्ठविप्रदंदेत्दानं सर्वशापविनश्यति ॥ भाषा ॥ भृगुजी ने कहा पुत्र
स्वर्ण का पत्र सातटंक प्रमाण बनवावे तिसपर नर आकार मूर्ति चन्दन से लिखे तिसे विधि पूर्वक संकल्प करावे
और मंत्र गायत्री ५१ हजार और संतान गोपाल बहुतसा श्रद्धा प्रमाण जपवावे तो पुत्र होकर जीवें आनन्द भोगे ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

मध्यमागी सुखीलोके
श्रीगणेशायनमः ।। पत्रस्थित्वा ग्रहाचेदं बलवीर्य समन्वितः उद्यमेन धनंप्राप्ति भृगुणापरिभाषितः ।। मध्यमागी सुखीलोके धनप्राप्तिपरिश्रमः कार्यकृत्यविशेषेण उच्चपदवीचप्राप्तये ।। पूर्वपाप ग्रहाक्रूरं बलवीर्यविनाशनं अतस्तेषां तुशांतिश्च कर्तव्याहि विनिश्चितम् ।। अनुष्ठान महादान सर्वसौख्य प्रदसदा गुप्तचिंता विनश्यन्ति मनिच्छा पूरितंततः ।। विद्यामध्यमाप्रीति आल क्रीड़ा किलोलकं मित्रपक्ष परंप्रीति आनन्द भूमिमण्डले ।। तातधनं शुभंकार्यं विवाहोत्सव मंगलं पत्नीप्राप्ति नसंदेहो विंद्यादीर्घप्राप्तये ।। सत्यवादी प्रवक्ताच नवीनो चिंतनंकृते जलंपशु भयंलोके शत्रुपक्ष विरोधता ।। नवीनो कार्यकंकृत्वा
सं० ३० धनलाभ भविष्यति युवावस्थाच प्राप्नोति आनन्दभूमि मंडले पत्नीप्रीत सुखीलोके विद्यापठनंपाठनं बन्ध्यायोगश्च
१०७ प्राप्नोति अल्पगर्भोपि खण्डतः ।। वामचिंता विशेषेण पुत्रसुखंनदृश्यते पूर्वपाप प्रभावेण वंशवृद्धि विनश्यति ।। सर्वसुखश्च भोक्तव्यं सुतरहितोनसंशयः ।। भाषा ।। भृगुजी कहते हैं हेपुत्र यह जीव ५परिश्रमी और पुरुषार्थी हो भाग्यश्रेष्ठ मध्यम हो अच्छे काम करे नीचसे चो पदवी पावे परन्तु पापक्रूर ग्रहोंके कारण किसी समय में गुप्तचिंता बुद्धिभ्रम चित स्थिर नरहे सोचे और होय और अधूरालाभ हो ग्रहोंके उपायसे मनोकामना पूर्णहो चिंताका नाशहो विद्याका उन्नति मित्रसे प्रीत बहुत बनी रहे एक जीवकी आशामें मनरहे पिताका धन शुभकाम में खर्चहो स्त्री श्रेष्ठकुल की हो पुत्र के सुख को भटके हे शुक्र यह जीव बड़े २ मामले देखे बहुतों के काम निकाले दयावान प्रेमप्रीत करने वाला किसी का बुरा न चाहे सबका भला चाहे अल्प आवे सो नया जन्महो फिर आयु पूर्णहो परन्तु इतने पूर्व पापके उपाय न बने इतने हे शुक्र सर्व सुख देखे परन्तु पुत्रका सुख स्वप्न मात्र नहो ।। शुक्रोवाच ।। किंकर्मानुसारेण पुत्रसुख विनश्यति पूर्वजन्म कथासर्वं कथ्यन्तंमुनि सत्तमः

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भाषा ॥ हे पिता कौन से कर्म करे हैं इस जीव ने जो सारे सुख दुःख देखे और पुत्रों के सुख से रहित रहे सो वर्णन करो ॥
भृगुवाच ॥ श्रृणुपुत्र कथासर्वं कथ्यन्ते विधिपुर्वकम् वैश्यवंश कुलेजन्म अतितेजो प्रतिष्ठा ॥ लोकंलक्ष पतिख्यातो
बहुदासी निजकृत्यये हटवा अन्न व्यापारे अकालो दीर्घभूमिक ॥ क्षुधातुर ब्रह्मणपुत्र अन्नलब्धश्च प्राप्तये वैश्यति क्रोधकं
कृत्या ब्रह्मपुत्रश्च ताडयेत् ॥ लष्टमुष्ट प्रहारेण द्विजपुत्रश्च मृत्युदा पुत्रमृत्यु दृश्यंतात कठिन शापिकंददेत्व ॥
स०उ० भाषा ॥ भृगुजी ने कहा हे शुक्र प्रथम एक जन्म में यह जीव वैश्य वंश में उत्पन्न होता भया सो बड़ा धनवान् था अन्न का
व्यापार बहुत करता था एक समय अतिकाल पड़ा सो सहस्रों कंगले अन्न के अ॰ फिरते थे इसकी दूकान पर दो ब्राह्मण के
१०८ पुत्र याचना करने आये उससे विवाद हुवा इस वैश्यने क्रोधवशहो दोनोको मारा धक्के मुक्के में उनके प्राणगये तब उनके पिता
ब्राह्मण ने दो पुत्र मृतक देखे सो हाहाकार विव्हल होगया और वैश्यको शाप दिया कि तूभी बारम्बार तीन जन्म तक
पुत्रों का दुःख देखेगा ॥ शुक्रोवाच ॥ कियत्ने कुरुतात पूर्वशाप निवार्णं जाप्य पूजा महादानं क्रियते पुत्र सुक्खकं
भाषा ॥ हे पिता कौन से यत्न करे जो पूर्व शाप नष्टहो और दान मंत्र पूजा उपाय करने से पुत्रों का इस जीव को सुख प्राप्त हो
भृगुवाच ॥ स्वर्णश्चप्रतिमांचैव अष्टमाशाप्रमाणकी द्विजपुत्रलिखेन्मूर्ति गंगाजलस्नानकं ॥ ताम्रपात्रश्च घृतंमध्ये स्वर्णमूर्ति
प्रवेशकं मध्यकालप्रमाणश्च संकल्पब्राह्मणांददेत् ॥ श्रेष्ठविप्रपठंविद्या शुभदानोफलप्रदा पुत्रप्राप्तनसन्देहो वंशवृद्धिदिनेदिने ॥
भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हेशुक्र स्वर्णका पत्र ८ माशे प्रमाण बनवावे ब्राह्मणके पुत्रोंकी मूर्ति रक्त चन्दनसे लिखे तिस को तांबेक
कलशमें घृत भर कर गुप्त प्रवेश करे संकल्प करके श्रेष्ठब्राह्मण कर्मेष्टिकोकोदे गायत्री मन्त्र जपवावेतो पुत्रोंकी प्राप्तिहो शाप नष्टहो ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ अस्यश्लेटानुसारेण नरोजन्म भुवितले बालवृद्धि भवेल्लोके आदिक्रीडा यथाक्रमम् ॥ कालानुसारविद्याच मन्त्रौषधीचकारयेत् तीक्ष्णबुद्धिरिपोर्हंता मध्यभागीसुखान्वितः ॥ प्रलापीशीलवानज्ञेयो विवलश्चकलिप्रियः सुन्दरश्चपलोबाल यस्य जन्मश्चमोदिना ॥ राजद्वाराधनप्राप्ति विद्याभूषणभूषितः रूपवान्गुणसंपन्नो मासेव सुखगताः ॥ सवलंदीर्घदेहश्च तमोगुणविशेषतः प्रतापीसुखदःमर्वे हेमरत्नोर्विभूषितः ॥ सकामश्चपलोबाल सुजनेप्रीतिकारकः मिष्टवक्ता रिपुद्रोही गुप्तचिंतान्वितोभवेत् ॥

स०उ० वाहनादिसुखंजाते तस्यतेरिपुवःसदा हिरण्यधनभूमिश्च बुद्धिश्रेष्ठसुनिर्मलः ॥ श्रेष्ठग्रहोपिजन्मश्च सिंहतुल्यपराक्रमः बहुभृत्य

१०६ समायुक्तो सुकार्यकुशलंलभेत ॥ मातृपितृगुरुभक्त सुपवद्राजतेनर द्विजदेवार्चनोप्रीति रिपोपिदासवच्चरेत ॥ भोगमैश्वर्यसंयुक्त कीर्तिविख्यातभूतले ॥ धनपूर्णो तृषायुक्त सुशीलश्चतुरोधनी बहुपीडा मनोद्वेग बंधुवर्गव क्लेशता ॥ चन्द्रमित्र महाप्रीतिः आशक्तोतिमोहितम् ॥ भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हे पुत्र इस जन्म पत्री में जो ग्रह विराजमान हैं तिनका फल कहता हूँ सोतू चित स सुन यह जीव विद्यावान् चतुर मंत्र औषधी भी करता रहै तीक्ष्णबुद्धि हो शत्रुओं को जीते मध्य भागी सुखी हो शीलवान् भोला अल छल न जाने राजद्वार से भी प्राप्तिहो रूपवान् गुणवान् हो अच्छे वस्त्र आभूषण भी जावें चञ्चल काम देव के जोर में उन्मत्त हो जाया करे मीठा बोलने वाला श्रेष्ठकुल एक मित्र से प्रीत गुप्त हो मगन रहै सूरवीर पराक्रमी बहुत से कारवार करे धन पैदा करे बड़े २ उद्योग करतारहै कष्ट बीमारीहो परन्तु आयु पूर्ण हो एक जीवका दुख देखे स्त्री को पुत्रकी चिंता क्लेश बनारहै प्रथमतो होने कठिन जो होयतो माता पिता को भटकता छोड़ जाय सब सुख पृथ्वी पर देखे परन्तु पुत्रों का सुख खण्डित है

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

शुकोवाच ॥ केनकर्मविपाकेन पुत्रयोगश्चखंडितः पूर्वजन्मकथंतातः कथ्यतेविधिपूर्वकम् ॥ भाषा ॥ शुक देवताने प्रार्थना
करी हे पिता पूर्व जन्म में इस जीवने कौनसे पाप कर्म किए हैं जो पुत्रोंका योग खंडित आनके पड़ा सो विधि पूर्वक कहो
भृगुवाच ॥ शृणुपुत्रकथासर्वं पूर्वपापस्यकारणम् क्षत्रीवंशसमुत्पन्नो राजमंत्रीमहाधनी ॥ लोकश्चधेनुविख्यातो अतिसूरोसुलीश्वरः
बाणवाण कृतेशरण गवनखेटानुसारेण ॥ मृगबाण बधोक्षत्री साधुपुत्रश्चमृत्युदा मृतकपुत्र हश्यंतात हाहाकार विह्वलं ॥
 साधुशापमुखदत्वा त्रियजन्मसुतहीनकं ॥ भाषा ॥ भृगुजी ने कहा हेशुक यह जीव क्षत्री कुलमें एक जन्म में जन्मा था सो बड़ा बुद्धि
 मान् धनवान् राजमंत्रीथा सो शिकार खेलने गया इसने जंगल में जाकर दूर से देखा तो मृग दृष्टी में पड़ा सो इसने तीर मारा
हिरन तो बच गया एक साधु दो बालकों को साथ लिये जाता था सो क्षत्री के बाण से दोनों साधु के शिष्य मृत्यु को प्राप्त
हुवे तब पश्चात् साधुने मृतक बालक देख बड़ा दुख माना और क्षत्री को शाप दिया कि तूभी अगले सात जन्म तक पुत्रों
का दुख देखेगा ॥ शुकोवाच ॥ किंदानंकस्यपूजाच किंमंत्रंकिंजापकं साधुशापविनिर्मुक्तो पुत्रजीवीनसंशय ॥ भाषा ॥ शुक जी
ने कहा कौनसे दान मंत्र जाप करनेसे पूर्व जन्मका दिया हुवा साधुका शाप नष्टहो और पुत्रों की प्राप्तिहो तब भृगुजी ने कहा ॥
भृगुवाच ॥ स्वर्णस्यप्रतिमाचैव युग्मसुद्राप्रमाणकं रक्तचन्दनमिश्राधि गङ्गाजलस्नानकं ॥ वस्त्रआभूषणंदानंयुग्मबालश्च
मूर्तये संकल्पश्चददेत्विप्र पूज्यंतोविधिपूर्वक ॥ इददानकृतेसंत पुत्रप्राप्तिर्नसंशय ॥ भाषा ॥ हेपुत्रस्वर्णके पत्रपर दो मूर्ति साधुके
बच्चोंकी लिखे और स्वर्णका पत्र दो मुद्राभर प्रमाणसे हो वह वस्त्र आभूषण सहित दानकरे तो निश्चय करके पुत्रोंके सुखदेखे ॥

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ पुत्रस्थितग्रहाएते भाग्यशालिश्चसुन्दरः ॥ पितृवाक्यकरोबालः भृगुणापरिभाषितः ॥ मासेवर्षेसुखंप्राप्ति आनंदभूमि
मंडले विचित्रोवार्तयाकथ्यं कामक्रीडाकिलोलकृत ॥ भ्रातभग्नीचउत्पन्न अंतवंधुविरोधता भूमिलाभनसंदेहो गुप्तचिताशरीरजा ॥
मित्रपक्षेपरंप्रीति लाभोभवतिनान्यथा चंद्रअल्पविजानीयात् नवीनोजन्मप्राप्तये ॥ आदौपठश्वविद्यायाः अंतविद्याविसार्जनं
बहुविधा नप्राप्नोति कार्यमात्रश्वसिद्धति ॥ द्विभार्यायोप्राप्नोति गुप्तप्रीतिनसंशयः उपद्रवीअकस्माश्च भयचिंताविशेषतः ॥
कु०उ० संतोषीधैर्यधारीच ज्ञानवांश्चसुखीनरः कस्मिन्कालभोकाव्य प्राणांभयतिचिंतया ॥ जलोपशुभयंपुत्र भृगुवाक्यंनचान्यथा
१११ दीर्घकष्टविजानीयाद् औषधीमंत्रशांतये ॥ छत्रचिंताभविष्यंति धनव्ययविशेषतः शत्रुपक्षविरोधश्च पश्चांतिचपराजयः ॥
नवीनोवार्तयाचित्त अर्धप्राप्तिचदृश्यते सर्वसुक्खश्चदृश्यते पुत्रसुखंविनश्यति ॥ अतिक्लेशमहाचिंता पत्नीकष्टविशेषतः ॥

भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हेपुत्र यह जीव भाग्यवान् सुन्दर पिता की सम्मति वाला गुणवान् शीलवान् पृथ्वी पर आनंद देखे तरह २ की बात ध्यान से सोचे मित्रों से प्रीत, और भाई बहन भी हो परन्तु पीछे अभाव शत्रुतासी हो जाय भूमि से लाभ हो गुप्त चिंता बनी रहै एक जीव से विशेष ध्यान रहै चित्त दुख माने एक समय नया जन्म हो प्राण बचे दूसरा स्त्री से भी प्यार हो विद्या बहुत पूर्ण तो नहो परन्तु कार्य मात्र बहुत हो संतोषी धीरज धारण करने वाला ऋण का जोग होय खर्च विशेष छत्र की चिंता बड़ेकी मृत्यु हो शत्रुओं से विवाद होजाया करे शरार में पीड़ा हो जाया करे पितृ पीड़ा का उपाय करता रहै पुत्र के वास्ते स्त्री यत्न करे परन्तु पूर्व पाप के कारण पुत्र का सुख देखना बहुत कठिन है भटकता रहै ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुक्रोवाच ॥ केनकर्मविपाकेन संततवंशविनाशकः पूर्वजन्मकथंतात उच्चारणममप्रति ॥ भाषा ॥ शुक्र जी बोले हेपिता इस जीव ने पहले जन्म में कौन से पाप किए जो यह और इसकी स्त्री पुत्रों को भटकता रहै ॥ भृगुवाच ॥ शृणुपुत्रकथासर्वं पूर्वंपापञ्चकथ्यते वैश्यवंशकुलेजन्म रसत्यागीचवाणियो त्रियसर्पगृहवासं तातपुत्रोत्तिनागकं ॥ गृहदेवकुरुरक्षा वैश्यलप्रहारकं नागपुत्रद्वयंमृत्यु अतिक्रोधोउपद्रवं ॥ सर्पशापमुखंदत्वा सप्तजन्मसुतहीनकं ॥ भाषा ॥ तब भृगुजी ने कहा हेपुत्र तूसुन मैं इस

ब०उ०
११२

जीव की एक पूर्व जन्म की कथा कहता हूँ यह वैश्यकुल रसत्योगी बणिया था सो इसके घर में ३ सर्प पिता पुत्र रहते थे सो बणिया बहुत साहुकार था देवता के नाम के दूध पेड़े वस्त्र पहरात था फिर एक दिन दो सर्प के बच्चे वहीं इसके रसोई के चौके में फिरते थे इसने किसी की सम्मति से दोनों को लट्ठों से मार दिया तब सर्प ने दोना बच्चे मरे देख वैश्य को शाप दिया कि तुम भी सात जन्म तक पुत्रों के त्रास भुगतोगे ॥ शुक्रोवाच ॥ किंदानंकस्यपूजाच किंमंत्रकिंजापकं सर्पशापविनश्यंति वैश्यपुत्रसुखंलभेत् ॥ भाषा ॥ तब शुक्रजीने कहा हेपिता कौनसे दान पुण्य यत्न करने से इस जीवका पूर्व शाप दिया हुवा नाश को प्राप्त हो और यह जीव पुत्रों के सुख देखे ॥ भृगुवाच ॥ स्वर्णस्य पतिमाचैव तृयमुद्रा प्रमाणकं तन्मध्येकामबीजञ्च रक्तचन्दनमुलिखेत् ॥ वस्त्रआभूषणंदानं षटरसअन्नकंददेत् संकल्पददेत्विप्र गायत्रीमंत्रजापकं ॥ सर्पशापविनिर्मुक्तो पुत्रसुखंभविष्यति ॥ भाषा ॥ तब भृगुजी ने कहा हेपुत्र स्वर्णका पत्र तीन मुद्राभर प्रमाणका बनवावे लाल चन्दन से दो सर्प की मूर्ति विधिपूर्वक लिखे वस्त्र आभूषण षटरस अन्न दान करे तो शाप नष्ट हो और पुत्र हो कर जीवें ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

द. २९६४

श्रीगणेशायनमः ॥ पत्रेग्रहाःस्थिताएवं दीर्घभागीचलोकमा सदाहर्षमहोत्साहो चित्तोदारसुपुत्रवान् ॥ यशस्वीगुणवान्जीवो
सत्कीर्तिसुतनष्टकं अल्पविद्याचप्राप्नोति बुद्धिवांश्चविशेषतः ॥ गुप्तचिंताचप्राप्नोति चतुरोवामश्रेष्ठया भागवान्गुणसंपन्नो पत्नीप्रीतो
भविष्यति ॥ अकस्मातउपद्रोवा धनव्ययविशेषतः प्रमेहव्याधिकंदेहं शीघ्रोवीर्यस्यखंडकः ॥ वैद्योपायकंकृत्वा औषधिप्रतिशांतये
पितृपीडाग्रहेनित्यं मातृदैवश्चपूजनं ॥ वंशवृद्धिनदृश्यंते गर्भअल्पश्चखंडतः वंध्यायोगश्चप्राप्नोति सुतचिंताति व्याकुलः ॥
स०७० बहुयत्नश्चकर्तव्यम् पुत्रसुखंनदृश्यंते महत्प्राप्तिमहोत्साहो लाभप्रीति दिनेदिने ॥ ग्रहकष्टशरीरेच रेचनंव्याधिरक्तय
११३ कस्मिन्कालेमहल्लाभं भाग्यवृद्धिनसंशयः ॥ उच्चपदवीचप्राप्नोति प्रसिद्धोधेनुलोकमा व्रणव्याधिशरीरेच चिन्हदेहस्यदृश्यः ॥
मासेवर्षेसुखंप्राप्ति लाभोभवतिनान्यथा शाणार्थनपुत्रंतात पूर्वपापमहानकं ॥ सर्वऐश्वर्यप्राप्नोति सुत्सुखस्वप्नदृश्यः ॥
भाषा ॥ भृगुजो महाराज शुक्रदेवता से कहते हैं हेपुत्र इस जीवकी कथा वर्णन करते हैं सो सुनो यह जीव भाग्यवान् होय चित्त उदार हो सन्तान से रहित होय कीर्तिवान् हो गुणवान् हो और विद्यावान् भी हो परन्तु विद्या से बुद्धि विशेष हो गुप्त चिंता किसी समय में हो जाया करे इसकी स्त्री भाग्यवान् चतुर श्रेष्ठ कुल की हो प्रीति करने वाली शुद्ध चित्तहो एक समय अति विघ्न हो उसमें कुछ हानहो और किसी काल में शरीरके बीच में प्रमेह व्याधि हो शीघ्र वीर्य खंडतहो उपाय करने से औषधियों से आराम हो जाय घर में पितृ पीड़ा हो माता सीतला देवताओं के निमित्त सब कुछ करे परन्तु पुत्र का सुख नहो वा होके दुख देजावे बंध्या योग गर्भ खंडत उत्पन्न होके जाता रहै कई प्रकार की बंध्या हो हैं और आगे को सारी उमर लाभ प्राप्ति

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

अच्छी हो परन्तु पुत्र का सुख स्वप्न में भी न हो हे पुत्र इस जीव ने पूर्व जन्म में दीर्घ पाप करे हैं ॥ शुकोवाच ॥ केनकर्म विपाकन पूर्वजन्मनिकथ्यते पुत्रक्लेशभविष्यंति श्रुणुत्वंममवांछया ॥ भाषा ॥ हे पिता इस जीव ने कौन से खोटे कर्म प्रथम जन्म में करे हैं जो पुत्रों से क्लेशित रहै और वंश न चले सो कहो ॥ भृगुवाच ॥ पूर्वजन्मकथाकथ्यं श्रुणुपुत्रतिध्यानक शूद्रवंशकुलेजन्म मीनकरोतिकृत्यया ॥ जलजीववधोनित्यं मच्छकृत्यंधनंलभेव तिहिपापफलंप्राप्ति पुत्रसुखविनश्यति ॥ भाषा ॥ हे शुक पूर्व जन्म में
 यह जीव शूद्र वंश में उत्पन्न हुवा और मछली जलचर जीवों को जाल में फांसकर लाता नगर में वेचता था सो लक्षों जीव
 का विध्वंस किया और बहुत सा धन प्राप्त किया परन्तु मूर्खों को अन्न बहुत बांटता था तिस कारण अच्छे कुल में उत्पन्न होकर पुत्रों का दुख देखे ॥ शुकोवाच ॥ किंदानंकस्यपूजाच किंमंत्रंकिंजापकं पूर्णपापप्रणश्यंति वंशवृद्धिदिनेदिने ॥ भाषा ॥ हे पिता कौन से दान पुण्य मंत्र जाप से ऐसे महापाप की शांति हो और पुत्र होकर जावें जो वंश की वृद्धिहो सो कहो ॥ भृगुवाच ॥ रामनाम लिपिकृत्वा विप्रलेखधनंददेत् बहुअन्नवसंग्राही गोधूमन्नचूर्णकं चंद्रलक्षप्रमाणेन गुटिकारामअंकितः हरिद्वारीकुशावर्ते अथवा तीर्थतालकं रामांकितंददेत्थाम मीनदीर्घंचभोजनं स्वर्णंचदक्षिणाविप्रो बहुमिष्टान्नभोजनं दीर्घदानकुरुजीव पुत्रसुखंभविष्यति ॥ ॥ भाषा ॥ तब भृगुजी महाराज ने कहा हे पुत्र बहुत सा अन्न गेहूं लाकर पिसवावे और एक लक्ष प्रमाण रामनाम की गोली बनवाकर हरिद्वार या कुशाघाट या तीर्थ तालाब पर जहां कहीं बहुत सी मच्छी हों तहां रामनाम उच्चारण हर गोलीके साथ कहता जाय जल में प्रवेश करता जाय और ब्राह्मणों को जिमाया करे कुछ दक्षिणा स्वर्ण की देतो पुत्र होकर जीवें वंश की वृद्धि हो ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ एतद्योगेनरोजाता सुकुलंमानवर्द्धनं जन्मतोमातृबाधायां मासेमासेसुखंगत ॥ दंतव्याधाज्वरोजाता
रेचनंतत्रशांतये नेत्रवर्षयथापञ्च बालक्रीड़ायथाक्रमं वृणव्याधीमहाकष्टं दीर्घयत्नेनशांतये ॥ भ्रातयोगश्चप्राप्नोति भृगुणापरिभाषितः
अष्टमद्वादशेवर्षे षोडशाब्देचविनाशकः तातंधनंशुभंकार्यं विवाहादिचमंगलं विद्यायोगश्चप्राप्नोति पत्नीप्रीतिःचप्राप्तये ॥ चद्रमित्र
महाप्रीति आनंदम्भूमंडले तातलाभव्ययदीर्घं गुप्तचिताभविष्यति ॥ अल्पगर्भमहाकष्टं पुत्रसुखविनष्यति का कृत्यनसंदेहो
सउ० लाभंभवतिनान्यथा चंद्रनेत्रमितेवर्षे शून्यराममितेतथा नवीनोक्तकृतेजीव उच्चपदवीचप्राप्तये अतितेजप्रतिष्टोवा भाग्यवृद्धिदिनेदिने
११५ देहकष्टभयंघोरं औषधिमंत्रशांतये ॥ वामक्लेशर्भाविष्यंति वंशवृद्धिनदृश्यते आयुपूर्णश्चदृश्यंते शून्यसप्ताब्दिकेतथा सर्वकार्यश्चसिद्धंति
भूमिर्लाभभविष्यति गुप्तश्चधनंप्राप्ति भृगुवाक्यनचान्यथा मासेवर्षेसुखंप्राप्ति आनन्दम्भूमिमंडले पूर्वपापश्चआपार्थ अग्रवंशनदृश्यते ॥

भाषा ॥ भृगुजी महाराज कहते हैं हेशुक्र इस जीव की पत्री का फल कहता हूँ सुनो अच्छे कुल में जन्मे माता को कुछ कष्ट दांतों की पीड़ा दस्त रेचन व्रण व्याधी यत्न से शांति बहन भाई का योग सात वर्ष से अथवा आठ वर्ष से १२ १६ २० वर्ष तक शुभ कामों में पिताका धन खर्च, विद्या का योग, पत्नीकी प्राप्ति दूसरा स्त्री भी प्रीत रक्खे एक मित्र ऐसा हो चित्त एक शरीर दो पिता को लाभ खर्च विशेष हो अल्प गर्भ संतान योग खंडत इस जीव को और स्त्रीको संतान का खयाल बहुत बनारहै यत्नभी बहुतसे करे लाभ आमदनी अच्छीहो २१ ३० वर्ष तक नया कृत्य करे ऊंची पदवीपावे बड़ाई पावे तेज प्रतापी हो इज्जत प्रतिष्ठा बढ़े एक कष्ट बहुत भारी हो मंत्र औषधी से आराम हो पृथ्वी से लाभ गुप्त धनका लाभ आयुपूर्ण

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सत्तरसे अधिक हो हेशुक्र सर्व सुख देखे परन्तु पूर्व पाप के अर्थ पुत्रों को भटकता रहै ॥ शुक्रोवाच ॥ केनकर्मविपाकेन्न पुत्रसुखविनस्यति पूर्वगाथाकथंतात कथ्यंतेविधिपूर्वकं ॥ भृगुवाच ॥ श्रुणुपुत्रकथासर्वं पूर्वपापश्चकारणं ठाकुरवंशकुलेजन्म राजयोगश्चप्राप्तये ॥ अश्वपतिराजग्रामीच बहुसेवीनरोभवेत् परस्त्रीमहाप्रीति कुमार्गीदुष्टपापिनी द्विजपुत्रप्रथमप्रीति त्याज्यंराज वामकम् श ुपक्षप्रतिराजन् असत्यवाणिभाषणं ॥ कारागारद्विजपुत्र विषराज्यश्चमृत्युदा पूर्वपापप्रभावेण पुत्रसुखविहिनकं ॥

सं०ज० भाषा ॥ हेपुत्र एक जन्ममें यह ठाकुरवंशमें राजाथा पर स्त्रीगामी एकस्त्री ब्राह्मणके पुत्रकी बहुत सुन्दरथी तिसको लोभदेकर छीनला

११६ और स्त्री के असत्य बचन सुनकर ब्राह्मण पुत्रको कारागार भेजदिया और उसे विष दिवाकर मरवादिया तिस पापके कारण पुत्र का सुख नहीं हुवा ब्राह्मणका शाप लगा हुवाहै कि अगले जन्ममें तूभी पुत्रों के दुख देखेगा ॥ शुक्रोवाच ॥ किंदानंकस्यपूजाच किंमंत्रकिंजापकं पूर्वशापविनश्यंति पुत्रसुखभविष्यति ॥ भृगुवाच ॥ स्वर्णस्यप्रतिमापत्र पञ्चटंकप्रमाणकं अथवा अर्धस्वर्णंच लिख्यतेविधिपूर्वक रक्तचंदनमिश्राणि गङ्गाजलस्नानकम् ताम्रकलशघृतंमध्य गुप्तमूर्तिप्रवेशण संकल्पंददेद्विप्र गायत्रीमंत्रजापकं मंत्रसंतानगोपालं अर्धलक्ष प्रमाणकं ॥ श्रेष्टवि्र ददेद्दानं विद्यापाठ नपानं इदंदान कृतेसंत पुत्रप्राप्ति च जावनं ॥

भाषा ॥ हेपुत्र स्वर्ण का पत्र पांच टंक अथवा इससे आधा प्रमाण से बनवावे तिस पर चंदन से ब्राह्मण के पु की मूर्ति लिखे और एक कलश में घृत भरकर गुप्त मूर्ति प्रवेश कर विधि पूर्वक दान करे उत्तम ब्राह्मण विद्यावान् कुटुम्बी कोदे और गायत्री मंत्र जाप करावे और ५१ सहस्र संतान गोपाल का मंत्र जपवावे तो पूर्व का दिया हुवा शाप नष्टहो और पुत्र होकर जीं ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ इदंग्रहपत्रस्थित्वा भाग्यवान्भोगतत्परः कस्मिनकालगतेशुक्र बहुऐश्वर्यप्राप्तये ॥ दाताभोक्ताकृतज्ञश्च बहुसेवी
नरोभवेत् प्रथमआयुधनंन्यूनं पश्चातेसुखसंपदा ॥ बालआयुगतेकाव्य आनन्दभूमिमण्डले तातकष्टविजानीयात् भृगुणापरि
भाषितः ॥ सत्यवादीप्रवक्ताच परकायकरःसदा अतिज्ञानीमहाशूरो संतोषीवृतिधारणम् ॥ आज्ञाकारीसुतभृत्य नृपाद्भयसमन्वितः
दुष्टकर्मेणपीड्यन्ते पूर्वपापश्चदुःखिता ॥ अल्पायुदृश्यतेलोके सुकर्मेसुखसंभवः बंधुवर्गापवादीच शत्रुभःतप्यतेसदा
सं०उ० अनुष्ठानमहादानं पापशांतिश्चजायते सर्वसौख्यगतेनित्यं सुकीर्तिचःपिभूतल ना नः न सौख्यलभेजाव भजनानदसर्वदा पितुद्रव्य
११७ विनाशश्च सुयत्नेनविवद्धनम् ॥ कस्मिन्कालगतेशुक्र अकस्मात्अतिचिंतया व्ययदीघधनदान गुप्तचिंताशरीरकं ॥ मित्रप्रीति
महालोक आशक्तचितमाहित पत्नीकष्टभयघोरं सुतदुःखश्चप्राप्तये ॥ रात्रिदिनमहाचिंता पुत्रस्वप्नेनदर्शनं दोषपापप्रभावेण
अप्रवशविनाशकं ॥ सर्वसुखश्चप्राप्नोति पुत्रमृत्युनसंशय ॥ भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं जिस जीव की पत्री में ऐसा योग पड़े
सो जीव भाग्यवान् और बड़ा ऐश्वर्य प्राप्त करे और दयावान् भोका पुरुष हो प्रथम तो थोड़ा ऐश्वर्य हो फिर विशेष बढ़
जाय बाल आयु आनन्द में रहे पिता को कष्ट हो औषधी से आराम हो जाय सत्यवादी पराये काय मन से करे अतिज्ञानी
शूरवार हो संतोषी वृत्ति धारण करे दुष्टकर्म से पीड़ा हो पूर्व करनी के कारण थोड़ी आयु में सुकर्म करे परन्तु कुल बन्धुओं
से शत्रुता विवाद रहे दुश्मन सदाजलने रहें पाप ग्रहों को शांति कराता रहे श्रेष्ठ फल हो आनन्द भोगे भजन आनन्द
करे पिता का धन जाय परन्तु कुछ सुकर्म बने किसी समय में अतिचिंता हो खर्च हो मित्र से बहुत प्रीति चित्त उस तरफ

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

विशेष रहै पत्नी को सन्तान का कष्ट रहै पित पोड़ा हो सारे सुख दुख देखे परन्तु पुत्र का सुख प्राप्त होना कठिन है
शुक्रोवाच ॥ किंपापपूर्वजन्मञ्च वंध्यापुत्रविहीनकं जीवसर्वगाथायां कथ्यतेविधिपूर्वकं ॥ भाषा ॥ हेपिता इस जीव ने पूर्व किसी
जन्म में क्या पाप करे हैं जो वंशकी वृद्धि बंद होगई सो पूर्व कथा कहो ॥ भृगुवाच ॥ श्रृणुपुत्रकथांसर्व पूर्वपापञ्चकारणः
कायस्थश्चकुलेजन्म चित्रगुप्तोतिवंशक ॥ यवनविद्याभविष्यंति धनधान्योभविष्यति· राजद्वारमहल्लाभं उच्चपदवीचप्राप्तये ॥
स०उ० बहुपक्षीबधनञ्च दयाहीनश्चदुष्टयः ततरोचित्रकंपक्षी वृक्षोजीवभक्षणम् ॥ उपवनंगवनंजीव दीमकोजीवभक्षणम् इदंपापप्रभावेण
११८ पुत्रसुखविनष्यति ॥ भाषा ॥ हेपुत्र यह जीव प्रथम एक जन्म में कायस्थ कुल में उत्पन्न हुवा सो चित्र गुप्त वंशी था सो बड़ा
चतुर विद्यावान था बहुत सा धन राजदरबार से पैदा किया पुण्य भी करता था परन्तु तीतर नाम और बहुत से पक्षी थे
तिन को अपने साथ बागको ले जाता था और वृक्षों में दीमक नाम जन्तु होते हैं तिन को खुलाया करता था इस पाप के
प्रभाव से सन्तान कष्टी रहा ॥ शुक्रोवाच ॥ किंदानंकस्यपूजाच किंमन्त्रंकिंजापकं पूर्वपापप्रणश्यंति पुत्रपौत्रसुखावहं ॥
भाषा ॥ हेपिता कौन से उपाय करने से यह जीव पुत्रों के सुख देखे सो दान मन्त्र पूजा जाप कहो ॥ भृगुवाच ॥ मन्त्रसन्तान
गोपाल चंद्रलक्षप्रमाणकं अन्नमिष्टान्नकंभोजन यज्ञदानकरस्तथा ॥ पक्षीअन्नददेज्जीव मूर्गानित्यभोजनम् इदंदानकृतेसंत
पुत्रसुखभविष्यति ॥ भाषा ॥ हेपुत्र यह जीव पिछले पाप की निवृत्ति के अर्थ यज्ञ करे दान करे अच्छी सामग्री बनवावे
ब्राह्मणों को तृप्त करे और पक्षियों को अन्न डाला करे और चांटीनाल नेम करके देतो निश्चय करके पुत्र होकर जीवें ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ पत्रस्थित्वाग्रहाचेदं फलप्रोक्ता म॰ानघः त्रिग्रहाफलदंश्रेष्ठं नानालाभसमागमः । भूमिमन्द्रश्चप्राप्नोति कीर्तिर्वृद्धो धरातले क्रूरपापग्रहापूजा दानंचैवप्रयत्नतः ॥ जा॰चिंतानसंदेहो भृगुणापरिभाषितः अयत्नेनैवभोकाव्य बुद्धिनःसुस्थिरभवः ॥ उद्योगोकुरुतेदीर्घ लाभचितात्रलीयसी प्रमेहोपीडितंगुप्त मित्रशत्रुवदाचरेत् ॥ प्रीतिकृत्वाकृतेघातं सर्वदाहानिचिंतनम् सत्यवक्ता सुखीलोके असत्यवचनंत्रजेत ॥ सुकीर्तिप्राप्तेलोके उद्यमेपोष्यतेकुलः परोपकारकरताच बुद्धिवंतोसुलक्षण ॥ ईशभक्तिसुसंचिंत्य

स०उ० सुस्थिरंनविसर्जन कामीकुतुहलीचैव कुटंबेप्रीतिवत्सलः ॥ पूर्वमायुसुखीजीव मध्येचसुखमध्यमं अत्यपापकुरुते॰ति कान्ताद्वौगुरु

११६ वत्सलः ॥ सुयत्नेसर्वथासौख्यं नात्रकार्यविचारणा कामवेगेनचोन्मत्तो चिंनचैवोपिविभ्रमः बुद्धिवन्तोयशीसौख्यी नकश्चि न्निदतोमति जीवंध्यानश्चसंमग्नः यौवनंरूपचिंतनं ॥ श्रेष्ठकर्मरतोचापी बहुबाधाचशांतये सर्वसुखश्चप्राप्नोति गुप्तचिंता॰वामक ॥ पुत्रकांक्षानसंदेहो भृगुवाक्यनचान्यथा पूर्वपापप्रभावेण पुत्रसुखविनश्यति ॥ भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं इस पत्र में तीन ग्रह बहुत उत्तम पड़े हैं अनेक प्रकार के लाभ हों भूमि मंद्र कीर्ति पृथ्वी बढ़े क्रूर पाप ग्रहों का पुजा दान यत्न करना श्रेष्ठ है इतने न्यून ग्रहों का दान मन्त्र जाप न हो चिंता बुद्धि भ्रम लाभ मध्यम उद्योग बहुत करे फायदा मर्जी माफिक न हो गुप्त प्रमेह की पीड़ा मित्र से शत्रुता प्रीत के बदले हानि पहुंचावे यह जीव सत्य को पसन्द करे झूठ से बचे कीर्ति बढ़े पराये उपकार करने वाला बुद्धिमान सुलक्षण देवता में कुछ भक्ति अल्पस्थिर न हो कामदेव की उन्मत्तता, मित्रों से प्रीति, पूर्व आयु सुख, मध्यम आयु मध्यम सुख दो स्त्री से प्यार सुकर्म से सदा सुख मिले एक जीव के ध्यान में मग्न रहै हेशुक्र सम्पूर्ण काम हों

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

परन्तु मुख्य सुख पुत्रका है सो तिसकी भटकना बनीरहै त्रास देखे ॥ शुक्रोवाच ॥ केन मंत्रप्रभावेण पुत्रस्वप्ननदृश्यते पूर्वगाथा कथातात श्रुणुत्वंममवांछया ॥ भाषा ॥ हेपिता इस जीव की पिछले जन्मों की कथा कहो ऐसे कौन से पाप दीर्घ करे हैं जो स्त्री पुत्रों को भटके ॥ भृगुवाच ॥ पूर्वजन्मश्चगाथायो श्रुणुपुत्रतिध्यानकं शूद्रवंशकुलेजन्म दीर्घअघकुरुतथा ॥ पापकर्मधनंप्राप्ति उच्चपदवीचप्राप्तये लोकेलक्षपतिख्यातो मानकीर्तिभविष्यति ॥ कमट्टाचमृतिकाअंड हस्थनित्यश्चधारण बहुपक्षिविशोजीव बारम्बार
सं०ज० भक्षणं ॥ विध्वंसचग्रहंपक्षो बच्चोभोजनंतथा दीर्घपापप्रभावेण पुत्रसुखविहीनकं ॥ भाषा ॥ हेपुत्र इस जीव की पूर्व जन्म की कथा
१२० कहता हूं सो तुम ध्यान से सुनों पूर्व एक जन्म में यह जीव शूद्र वंशमें उत्पन्न हुवा था सो बड़ा धनवान् था इज्जत प्रतिष्ठा वाला था परन्तु गुल्लों से जीव मारने का बहुत अभ्यास था कमट्टा हाथ में लेकर बीसियों जीव पक्षी मार लाता था और उनके घौंसले तोड़ कर निकाल लाता था तिस पाप के प्रभाव से पुत्रों के सुख से हीन रहै क्यों कि पक्षियों का शाप लगा हुवा है शुक्रोवाच ! किंयत्नश्चकरतव्यं पक्षीशापविनाशनं पुत्रप्राप्तिचदृश्यते वंशवृद्धिभविष्यति ॥ भाषा ॥ हेपिता कौनसे यत्नकरनेसे पक्षियों का दिया हुवा शाप नाशकोप्राप्तहो और इसजीवको पुत्रोंका सुखमिले ॥ भृगुवाच ॥ चंद्रलक्षप्रमाणेन गायत्रीमंत्रजापक ब्राह्मणं भोजनंदानं कुर्वीतिविधिपूर्वकं पक्षीभोजनंअन्नम् नित्यप्रतिनित्यनेमकं मंत्रसंतानगोपालं अर्धलक्षश्चजापकं अनुष्ठानकृतेसन्त पुत्रसुखभविष्यति ॥ भापा ॥ भृगुजी ने कहा हे पुत्र एक लक्ष प्रमाण गायत्री और अर्ध लक्ष मन्त्र सन्तान गोपाल जपवावे और ब्राह्मणों को स्वर्ण दक्षिणा दे और पक्षियों को नित्य प्रति रोज अन्न डाल कर जिमावे तो निश्चय पुत्र होकर जीवें ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्राप्यतेधननिश्चितं ॥ कदापिसमयेवत्स स्वकुटम्ब

श्रीगणेशायनमः ॥ एतद्योगेसमुत्पन्न युवाश्रेष्ठफलप्रदा दीर्घकृत्याधिकारीच बुद्धिवंतो

विरोधता व्ययोद्रव्यसुखंजातं शत्रुहानिश्चजायते ॥ स्वल्पश्रमंकदाकाले विशेषोलाभदृश्यते मध्यविद्यान्वितोपुन्स

विशेषतः ॥ अतितेजप्रतिष्ठोवा सुजनोमानवर्द्धनं सुकीर्तिख्यातिलोकेस्मिन् ईशस्यचिंतनंकृतः ॥ पत्नीश्रेष्ठकुलोप्राप्ति पुत्रचिंता

महानकं नेकयत्नकृतेपुत्र सुखस्वप्नेनदृश्यते ॥ दीर्घकष्टविजानीयात नवीनोजन्मप्राप्तये: दीयतेसुमतिसर्वं दुष्टकर्मविसार्जिता ॥

म०उ० सुमित्रोभाषणोप्रीति चिन्ताेदारनसंशयः हीनवार्त्तानकर्तव्या गुप्तचिंताचव्याप्तये ॥ सुकीर्तिचिंतयेनित्य सुकीर्तिचप्रधानकं

१९१ व्ययोर्दीर्घसमायात सर्वकार्यंचसिद्धति ॥ भ्रातृभग्नीचउत्पन्न अल्पसुखश्चलोकमा कस्मिन्कालेमहत्प्राप्ति धनधान्यसमागमः ॥

युग्मजीवमहान्प्रीति सुन्दरमूर्तिसुलक्षणं पूर्वजन्मश्चपापार्थं वामचिंतामहानकं ॥ पुत्रसुखनदृश्यंते पृथ्वीजन्मप्रकार्णम् ॥

भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हेशुक्र इस जीवकी पत्रीका फल सुख दुख आदि वर्णन करते हैं सो तुम सुनो युवा अवस्था में बहुतसे काम करे और बड़े २ मनुष्यों से काम पड़े धन प्राप्त करे विद्यावान् हो किसी समय में कुटंब घर में विरोधसा हो धन खर्च हो शत्रु नुकसान पहुंचाना चाहे परन्तु श्रेष्ठ दशा में थोड़े परिश्रम से अकस्मात् लाभ खुशी हो विद्या से बुद्धि विशेष इज्जत प्रतिष्ठा वाला अच्छी शिक्षा देने वाला ईश्वर की तरफ ध्यान रखने वाला स्त्री श्रेष्ठ कुल की पुत्र को चिंता रहै यत्न भी करे परन्तु पूर्व जन्मों के पाप के अर्थ पुत्रों से रहित रहै शरीर पैं पीड़ा कष्ट भारी आवे सो नया जन्म हो नई २ वार्ता का विचार करे बड़े बड़े ख के काम आवें सो पूर्ण उतरें भाईयों से थोड़ा सुखहो जीवोंसे प्रीत लगी रहे हेशुक्र जो दुनियां के सुख हैं सब

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

प्राप्त हों परन्तु पुत्रों के सुख को यह जीव और इसकी स्त्री भटकते रहैं ॥ शुक्रोवाच ॥ किंकर्मानुसारेण: वंशवृद्धिनदृश्यते
पूर्व जन्मकथाकथ्यं उच्चारणविधिपूर्वकं ॥ भाषा ॥ हेपिता इस जीव ने कौन से पाप पूर्व जन्म में किये हैं जो यह और इस
की स्त्री पुत्रों को भटके हैं सो विधि पूर्वक वर्णन करो ॥ भृगुवाच ॥ शृणुपुत्रकथासर्वं पूर्वजन्मनिकथ्यते क्षत्रीवंशसमुत्पन्न
धनधान्यभविष्यति ॥ लोकंलक्षपतिख्यातो बहुसेवीनरोभवेत् अश्वपतिगजग्रामीच भूमिलाभश्चदीर्घयो ॥ निजस्थानवसत्तिविप्र
भृ०उ० गृहभूमिउपाधकं लष्टमुष्टप्रहारेण द्विजस्थानभस्मकम् ॥ युग्मपुत्रत्रयंकन्या ग्रहमध्योतमृत्युदा तेनपापप्रभावेण वंशवृद्धिविनाशनं ॥
१२२ भाषा ॥ हेपुत्र यह जीव पहले एक जन्म में क्षत्री वश में उत्पन्न होता भया सो बड़ा भाग्यवान् लक्षाधीश हाथी घोड़े ग्राम
थे इसकी जमीन में एक ब्राह्मण कुटंब सहित रहता था सो उससे किराए भाड़े के ऊपर बहुत विवाद हुवा यहां तक की
उसको बहुत पिटवाया और उसके घर में आग देदी सो उसके दो छोटे पुत्र और तीन कन्या जल कर भस्म हो गईं ॥
शुक्रोवाच ॥ किंयत्नदान मंत्रस्य किंविधानेतिजापकं पूर्वशापविनिर्मुक्तो पुत्रसुक्खञ्चप्राप्तये ॥ भाषा ॥ हेपिता क्या यत्न करे और
कौन से दान मन्त्र जाप करवावे जो पूर्व जन्म के शापसे छूटे और पुत्रों के सुख देखे और स्त्री गोद भर भर खिलावे
और पुत्र जीवें सो कहो ॥ भृगुवाच ॥ स्थानदानकुरुजीव गायत्रीमन्त्रजापकं स्वर्णस्यप्रतिमापत्रं द्विजसुतमूर्तिलिख्यते ॥
सर्वदानविधानेच संकल्पंब्राह्मणददेत् द्विजरंतुष्टकर्तव्यं पूर्वश्रापविनाशनं ॥ पत्रसुखंनसंदेहो वंशवृद्धिदिनेदिने ॥ भाषा ॥ हेपत्र यह
जीव दान करे गायत्रीमन्त्र जपवावे स्वर्ण पत्र पर ब्राह्मण के पुत्र कन्याओं की मूर्ति लिखे ब्राह्मण को दे तो पुत्र होकर जीवें ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ एवंसर्वंखगास्थित्वा जन्मकालेयदानरः बृहत्वंफलमादाय आनन्दभूमिमण्डले ॥ बहुकृत्याधिकारीच सर्वेशां शुभचिंतकः चंद्रजीवपरंप्रीति नूतनंवार्तयाचितः ॥ सुन्दरश्चबलोधीरः प्रतापोशूरविक्रमी गुरुभौमतथापुच्छं पूजनात्सुखवर्द्धनं ॥ अतिप्रेमीसुकीर्तिच भृगुणापरिभाषितः पञ्चमेशंसुसंपूज्य वंशवृद्धिशुभप्रदा ॥ गोविप्ररक्षकोधीमान् सत्यवादीविचक्षणः कालानुकूल विद्याच पर्यटनंप्रियसदा ॥ चंद्रअल्पमहाकष्टं प्राणभीतिश्चचिंतनम् श्रेष्टकर्माश्रयोभूत्वा आयुपूर्णसुखीनरः ॥ गुप्तलाभविशेषेण
न०उ० अकस्माज्जायतेकदा भूमिलाभविशेषेण रचनामन्द्रवूतनं ॥ मनेच्छापूजितोवत्स अनुष्ठानंसुयत्नतः राजद्वाराधनंप्राप्य निजकृत्य
१२३ फलप्रदः ॥ पिताधिक्यप्रकोपीच कामाधिक्यबलान्वितः सुशीलश्चपलोपुन्स रिपुणांकष्टदायकः ॥ निष्ठुरंवचनंवक्ता कुमतिश्च उदारधी सर्वसंपत्समायुक्तो अंगनाप्रीतिकारकः ॥ जन्माद्धनयुतपुन्स गीतनादपरंप्रियः वृणपीड़ासमुत्पन्नो निजांगेनात्रसंशयः ॥ सर्वकार्याणिसिध्यंति पुत्रसुखविनश्यति ॥ भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हे शुक्र जिसकी जन्म पत्री में ऐसे ग्रह पड़े हैं सो पैदा होकर अनेक प्रकार के पृथ्वी पर आनन्द देखे बहुत से काम बढें और उसके शुभचिंतक बहुत हों नवीन विचित्र बातों में मन रहे एक जीव में चित्त बहुत रहा करे यह जीव सूरबीर प्रतापी धीर बंधाने वाला दूसरे की बात को तोले गुरु भौम केतु का पूजन श्रेष्ठ है भृगुजी कहते हैं पञ्चमेश की पुजा दान से वंश की वृद्धि हो पूर्व जन्म के पाप के कारण पुत्रों से रहित रहै दुख देखे स्त्री क्लेश माने और यह जीव विद्यावान् हो भ्रमण करने को चित्त चाहा करे एक समय अचानक में एक बार कष्ट भय हो अल्प भोग कर आयु पूरी हो राजद्वार से भाक्षी खुशी रहै भूमि से धन प्राप्त हो शत्रुओ से विवाद हो सर्व

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

सम्पत हों परन्तु पुत्रों के दुख न देखे ॥ शुक्रोवाच ॥ किंकर्मानुसारेण पुत्रसुखविनश्यति पूर्वजन्मकथंतात श्रृणुत्वंममवांछया ॥
भाषा ॥ हेपिता इस जीवकी प्रथम जन्म की कथा कहो ऐसे कौन से पाप इस जीवने किये थे जो यह पुत्रोंके सुखसे रहित रहा ॥
भृगुवाच ॥ श्रृणुपुत्रकथासर्वं पूर्वपापप्रकारणः यवनवंशकुलेजन्म आनन्दभूमिमण्डले ॥ लोकंलक्षपतिख्यातो अतितेजोप्रतिष्टया ॥
बहुजीववधंकृत्वा निजभक्षोपिकारणं ॥ चापबाणकुरुधारण गवनखेटानुसारेण तिहिपापप्रभावेण वंशवृद्धिविनश्यति ॥
स०३० भाषा ॥ हे पुत्र इस जीव से प्रथम जन्म में बहुत पाप बने हैं प्रथम जन्म में यह जीव यवन जाति में उत्पन्न हुवा था नित्य
१२४ प्रति शिकार खेलने जाता था और अनेक जीव मारकर लाता था और तिन्हें भक्षण करता था इस कारण पूर्व जन्म का
सात जन्म को शाप लगा हुवा है तिस कारण सन्तान का सुख कठिन है ॥ शुक्रोवाच ॥ किंदानंकस्य पूजा च किंमंत्रंकिंजापकं
पूर्वशापविनश्यंति वंशवृद्धिर्भविष्यति ॥ हे पिता कौन से दान मंत्र जाप कराने से पूर्व जन्म का शाप नष्ट हो जो
पुत्रों के सुख देखे ॥ भृगुवाच ॥ स्वर्णस्यप्रतिमाकार्या सप्तटंकप्रमाणकं विष्णुधेनुलिखेन्मूर्ति शुद्धचित्तंचशांतये रक्तचन्दन
मिश्राणि गंगाजलस्नानकं संकल्पंदद्देविप्र पूर्वपापप्रशांतये ॥ चन्द्रलक्ष प्रमाणेन गायत्रीमंत्रजापकं ॥ भाषा ॥ हे पुत्र सप्तटंक
प्रमाण से स्वर्ण का पत्र बनवावे तिस पर विष्णु भगवान की मूर्ति रक्त चन्दन से लिखे और गंगाजल से
स्नान करावे तिसके आगे एक लक्ष गायत्री मंत्र जाप करावे और (मुंह से यह मन्त्र कहता जाय) ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं
विष्णु भगवान मम कार्य सिद्ध कुरु कुरु स्वाहा ॥ फिर वह मूर्ति ब्राह्मण को संकल्प करके दे तो निश्चय पुत्र होकर जीवें ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ श्रेष्ठपत्रंग्रहाकाव्य दीर्घमान्योप्रतिष्ठतः पुत्रदारादिसंचिंत्य भृगुणापरिभाषितः ॥ मानकीर्तिविशेषेण सुप्रसिद्धं सुखीन्नरः रूपयौवनसंपन्नो सुमित्रश्चारुभाषितः ॥ नानामंगलंकार्यं जायतेचमहोत्सवम मध्यसौख्याधिकारीच विलासीमति मान्नरः ॥ गुप्तशोकविशेषेण अकस्मात्भयमागमः दीर्घद्रव्यव्ययोचापि चिंतयतिदिनेदिने ॥ जलपशुभयंशुक तनकष्टम्पपाथयः शत्रुपक्षविरोधश्च कुलबधुविप्रीतये ॥ चिंतयेदीर्घकार्याणि अतसौख्यसमोयुतः द्वयोकष्टविशेषेण चंद्रअल्पमहाभयं ॥ सुयत्नं

सं०ज० रक्षितोप्राण नूतनंजन्ममन्यते ॥ दीर्घायुचततोलोके उद्यमेणधनस्थितः असत्योदोषकंप्राप्त शत्रुपक्षविरोधता ॥ व्ययदीर्घ

१२५ मुपस्थित्वा पुरुषार्थीविशेषतः अल्पजीवीचबालोयं अथवागर्भखंडतः ॥ पत्नीकष्टविशेषेण पुत्रचिन्ताचव्याकुलः द्विभार्यायोग प्राप्यंते किंवान्यत्रस्त्रीप्रीतया ॥ बुद्धिविद्यान्वितोपुंस न्यायकारीविचक्षणः सर्वऐश्वर्यप्राप्नोति वंशवृद्धिनदृश्यते ॥

भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हेपुत्र इस पत्र के ग्रह श्रेष्ट हैं बड़ी प्रतिष्ठा वाला हो परन्तु यह जीव और इसकी स्त्री संतान, की चिंता में रहै मान कीर्ति बढ़े लोक में प्रसिद्ध हो सुन्दर स्वरूप मित्रों से प्रीति करने वाला अच्छे वचन बोलने वाला नाना प्रकार के सुख पृथ्वी पर देखे परन्तु गुप्त शोक सन्तान का रहै अकस्मात चित्त पर भय सा रहै बहुत खर्च हो जल से पशु से भय हो या कहीं से गिर कर चोट आवे शत्रु पक्ष से विरोध हो कुल बन्धुओं से विप्रीत हो चिंता क्लेश हो कर फिर अन्त में सुख प्राप्त हो दो कष्ट हों एक में प्राणों का भय हो फिर आयु पुर्ण हो किसी समय में झूंठा दोष लगे इलजाम का भय हो जाय पुत्र होने बहुत कठिन जो होय तो माता और पिता को भारी दुःख देकर बड़े बड़े तरसाव दिखा कर चले जांय ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

॥ शुक्रोवाच ॥ भोतातःकृपानाथ अहमदासकुरुदया पूर्वपापञ्चवक्तव्यम् पुत्रस्वप्नेनपश्यति ॥ भाषा ॥ हे पिता मुझ पर कृपा करके
कहो इस जीवने ऐसे कौन से पाप किये हैं जो पुत्रोंके सुखसे रहित रहै ॥ ॥ भृगुवाच ॥ आदजन्मञ्चगाथायां कथ्यंतेविधिपूर्वकं
दीर्घंपापंकुरुजीव शृणुपुत्रतिध्यानकं ॥ चित्रगुप्तकुलेजन्म बहुभामीप्रधानक राजद्वारकंन्यायम् उच्चपदवीचप्रातये ॥ द्विजशूद्रउपाधीच
लष्टमुष्टप्रहारकं निजकरशूद्रमृत्युच विप्रदोषअसत्यक ॥ राजद्वारकृतेन्यासं न्यायकर्ताघनजभेत् प्राणदण्डददेत्विप्र सुद्राशूद्र
कंलभेत् तातपुत्रमृत्युदस्य न्यायाधीशोश्रापकम् ॥ भाषा ॥ हे पुत्र प्रथम जन्म में यह जीव चित्रगुप्त वंश में उत्पन्न हुवा था
राजद्वार में बड़े ओहदे पर था मुकदमे में न्याय किया करता था सो एक शूद्र बूढ़े ने अपने हाथ से अपना अपघात
कर लिया उस शूद्र के वारिसों ने ब्राह्मण को फांस लिया और हाकिम को रिश्वत देदो सो न्यायाधोश ने
ब्राह्मण के पुत्र को प्राण दण्ड की आज्ञा दी सो ब्राह्मण ने श्राप दिया कि सात जन्म तक पुत्रों का सुख न देखे ॥
॥ शुक्रोवाच ॥ किंदानंकस्य पूजाच किंमंत्रकिंजापकं ब्रह्मश्रापप्रणश्यंति पुत्रपौत्रसुखावहं ॥ भाषा ॥ हे पिता कौन से दान पुण्य
मन्त्र जाप से पूर्व जन्म का ब्राह्मण का दिया हुवा शाप नष्ट हो और पुत्र होकर जीवें ॥ भृगुवाच ॥ स्वर्णस्यप्रतिमाकार्या
युग्मसुद्राप्रमाणकं ब्रह्मपुत्रलिखेन्मूर्ति गायत्रीमंत्रजापकं ॥ तान्दूलंयथाशक्ति गुप्तमूर्तिप्रवेशकं संकल्पंददेत्विप्र पूर्वश्रापञ्चनष्टकं ॥
इदंदानकृतेसंत पुत्रप्राप्तिनसंशयः ॥ भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हे पुत्र स्वर्ण के दो मुद्रा प्रमाण भर के पत्र पर ब्राह्मण के
पुत्र की मूर्ति लिखे और चावलों में गुप्त रख कर दान करे ब्राह्मण को दे गायत्री मन्त्र जाप करावे तो निश्चय पूत्र होकर जीवें ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ जन्मकालइतिषेटा सर्वत्रस्थितोयदि पुत्रकन्यातथाजाया अहसौख्यसुयत्नतः ॥ वाटिकामंद्रयानश्च विपाकेधन वर्धनं जीवोसत्यमान्श्रीमान् उपकारीविचक्षणः ॥ मित्रकृत्यघ्नतांयाति बांधवा...सुखलघु कवित्यमतिसजाते मिष्टभोज्य मतिप्रिय ॥ स्वभुजेनधनंप्राप्ते पंडितोनृपपूजितः विरोधश्चकुटम्बेन शत्रुवःतप्यतेसदाः ॥ देवविद्यामहाप्रीति गुणग्राहिभवेन्नरः अतिवल्लभमूर्तिश्च भूधनवर्धतेगृह नानाचतुस्यदानश्च धनकीर्तिविवर्धनः ॥ स्वजनेसुखभोक्तव्या धनरत्नानिसञ्चयः देवतागुरु
सं०उ० भक्तश्च सौम्यमूर्तिसुखीनरः ॥ दिव्यवस्त्रसदाधारी स्वजातिमानवर्धनं गुप्तचिताशरीरच पुत्रसुखनदृश्यते ॥ पत्नीस्थलरितमृशुको
१२७ भाग्यवृद्धिचन्यूनता विद्याबुद्धिविशेषेण भृगुणापरिभाषितः ॥ इन्द्रीव्याधिकं वित्काले शीघ्रवीर्यखंडनं चंद्रअल्पनसंदेहो प्राणोभय विनाशनं ॥ युग्मकष्टगतेशुक्र आनंदंभूमिमंडले पशुभयजलंप्राप्त उपरञ्चपपाथयः ॥ सर्वसुखञ्चप्राप्नोति पुत्रसुखनदृश्यते ॥

भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हेशुक्र जिस जीवकी पत्रीमें ऐसे गृहपड़ें सोजीव कन्या पुत्र स्त्रीके सुखका यत्नउपाय करता रहै और इसजीवको रास्तेमेंसे या मंद्रमेंसे धनकीप्राप्ति किसीकालमेंहो सत्यबातको पसंदकरनेवाला परोपकारी मित्रसे बंधुवोंसे किसी समयमें विपरीतताहो और कुछ कविता गानेसुन्नेका भी शौकहो मिष्ट भोजन प्यारालगे अपने पुरुषार्थसे पैदाकरे विद्यावान्हो बड़ेआदमीभी आदरकरे शत्रु जलतरहैं गुणग्राहीहो देवविद्यामें प्रीतहो सुन्दरस्वरूप भूमिसेलाभ चौपायेभीहों अच्छे आदमियोंसे लेनदेन ऐश्वर्य पैदाकरे अच्छेवस्त्र पहरे दरिद्रीसा नरहे बिरादरी में इज्जतहो गुप्तचिंता रहै बिनाकारण भी डरता रहै इज्जतका ध्यान रखनेवाला भलेबुरेको परखनेवाला अच्छी शिक्षा देनेवाला हेशुक्र पृथ्वीपर आनन्द कर यहजीव अनेक प्रकारके सुख दुःख देखे परन्तु पुत्रोंके सुखको भटकता रहै ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शुकोवाच ॥ किंकर्मानुसारेण पुत्रचिंताभविष्यति पूर्वजन्मक तात कथ्यंतेविधिपूर्वकं ॥ हेपिता कौन कर्म इस जीवने पूर्व जन्म में करे हैं जो यह और इसकी स्त्री पुत्रों के मुख न देखें ॥ भृगुवाच ॥ शृणुपुत्रगतेजन्म कथ्यंतेविधिपूर्वकं मैथुलदेश कुलेजन्म अग्रवालोतिश्रेष्ठया ॥ व्यौहानधनप्राप्नोति धनधान्यसमागमः लोकंलक्षपतिख्यातो बहुसेवीनरोभवेत् ॥ ऋषीपुत्रजगन्नाथ तीर्थदेवदर्शनम् धनिधनअर्पणकृत्वा आगत्वाददेतममः ॥ अग्रवालोधनीपश्चात लाभार्थंवशिभूतकं दर्शनपर्शआगत्वा ऋषीपुत्र
सं०उ० धनददेत श्रृणुवाक्यधनामुख्य ऋषीपुत्रचविह्वल धनचिंताशरीरेच कृश्यदेहदुर्बलम् ॥ तणकालगतेकाव्य ऋषी पुत्रमृतंतथा
१२८ मृतकपुत्रलखंतात हाहाकारविह्वलं ॥ ऋषीशापमुखंदत्वा सप्तजन्मसुतहीनकं ॥ भाषा ॥ हेशुक प्रथम एक जन्म में एक ऋषी का पुत्र जगन्नाथ आदि देवदर्शन करने गया तिस के पास जो कुछ धन था अग्रवाल धनी सेठ तिस के पास धर गया जब दर्शन से आया तब लोभ के वशिभुत हो कर मुकर गया इसी चिंता में ऋषी के पुत्र ने प्राण दिये तब पुत्र को मृतक देख ऋषी पिता ने धनी को शाप दिया कि सात जन्म तक पुत्रों के मुख न देखेगा ॥ शुकोवाच ॥ किंदानंकस्यपूजाच किंमत्रं किंजापकं ऋषीशापविनिर्मुक्तो वंशवृद्धिदिनेदिने ॥ स्वर्णपत्रलिखेन्मूर्ति ऋषीपुत्रस्वकारकं ताम्रपात्रघृतंमध्ये गुप्तमूर्तिप्रवेशकं ॥ वस्त्रआभूषणंदानं श्रद्धामात्रप्रमाणकं संकल्पंददेतविप्र अर्धांतेविधिपूर्वकं (मुख स कहे) ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रींवटुकभरवाय आप दुद्धारणाय पूर्वशापनिवारणार्थं दानमंत्रकुरुकुरुस्वाहा ॥ बव्रदानकृतेदंत पुत्रप्राप्तिनसंशयः सर्वसुखमवाप्नोति वंशवृद्धिदिनेदिने ॥ हे पुत्र यह जीव स्वर्णपत्रपर ऋषी पुत्रकी मूर्ति लिखे घृतभरे तांबेके कलशमें गुप्तरख ब्राह्मणको दान करे तो निश्चय पुत्र होकर जीवें ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ एतद्योगेनरोजन्म माननाथप्रतिष्ठता पञ्चमेशोपिपूज्यन्त दानमन्त्रव्रतोषिता ॥ विद्याबुद्धिविशेषेण पश्चातो
सुखपुत्रकं पूर्वणपप्रभावेण पुत्रसुखविनश्यति ॥ पूजादानञ्चमंत्रेण पूर्वशापविनश्यति सुतसुखश्चंतयोशुक्र भृगुणापरिभाषितः ॥
अष्टमद्वादशेवर्षे बालक्रीड़ाकिलोलकं युग्मविद्याचयभ्यासं भृगुणापरिभाषितः ॥ धनव्ययंशुभंकार्यं विवाहोत्सवमंगलं तातमात
महासुखं जीवनंसुफलंममः ॥ त्रियोदशेषोडशवर्षे सून्यनेत्रमितेतथा बहुविद्याचप्राप्नोति पत्नीप्रीतचयुग्मकं ॥ देहकष्टविजानीयात
स०उ० औषधीप्रतिशांतये गुप्तप्रीतिअन्यजीवो नान्यथावचनंममः ॥ जीवचिंताचप्राप्नोति अल्पगर्भोपिखंडतः चंद्रनेत्रमितेवर्षे सून्यराम
१२९ मितेतथा ॥ दीर्घलाभनमंदेहो उच्चपदवीचप्राप्तये महत्प्राप्तिमहोत्साहो भाग्यवृद्धिदिनेदिने ॥ तातधनशुभंकार्यं विवाहोत्सव
मंगलं अचानकंउपद्रोवा ग्रहकष्टमहानकं ॥ वैद्योपायकंकृत्वा औषधीप्रतिशांतये चद्रअल्पगतेकाव्य पूर्णआयुनसंशयः ॥
षष्टसप्ताङ्केवर्षे आनन्दभूमिमंडले सर्वानन्दभोक्तव्यम् पुत्रदुखञ्चप्राप्तये ॥ भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हेशुक्र यह जीव मध्यम
भागवाला प्रतिष्ठा पावेविद्या बुद्धि विशेष हो पञ्चम स्थान के पूजा दान से पुत्रों के सुख देखे पूर्व जन्म के पाप के प्रभाव से
संतान का दुख देखे परन्तु पाप निवारण का मन्त्र दान जाप करावे तो अन्त में पुत्र हो कर जीवें और आठवें बारवें
सोलवें वर्ष तक विद्या प्राप्ति स्त्री प्राप्ति पता का धन शुभ काम में खर्च हो प्रथम माता पिता को खुशी हो
जीवन सुफल माने दे कष्ट हों औषधी से आराम हो दूसरी स्त्री से प्रीत हो परन्तु अल्प गर्भ खंडत हो या बंध्या हो और
राजगार उत्तम हो उच्च पदवी पावे २१, ३० वर्ष तक फिर ऊपर अनेक प्रकार के सुख दुःख देखे आयु पूर्ण हो ७६ वर्ष के लग

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

भग आनंद देखे परन्तु पुत्रों को भटकता रहै ॥ शुक्रोवाच ॥ केनकर्मगतेजन्म पुत्रसुखविनश्यति विधिपूर्वकथंतात श्रुणुत्वं ममवांछया ॥ भृगुवाच ॥ श्रुणुपुत्रकथासर्वं पूर्वपापश्चकारणं कुर्मीवंशकुलेजन्म धनधान्यभविष्यति ॥ दाताभोक्ता कृतज्ञश्च बहुसेवीनरोभवेत् राजमुद्राददेत्कुर्मी लक्ष्योवृक्षविनष्यति ॥ कोमलपातलतावृक्षे कोटोपक्षीवामकं जंगलुपवनंबद्धो सत्याजन उद्यानकं ॥ जीवआनंदभोक्तव्यं सर्वजीवविनष्यति बृक्षडालगृहपक्षी बालोकोटमृतंतथा ॥ पक्षीशापमहादीर्घ पुत्रस्वप्नेनजीवितं ॥

सं०उ० भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हेशुक्र पूर्व जन्म की कथा इस जीवकी वर्णन करते हैं जो कुछ पाप इस जीवसे बने हैं सो सुनो राजा

१३० को मुद्रा देकर बड़े भारी बन काटने का ठेका लिया सो वह बन हरा भरा जहां अनगिनत जीव आराम पाते थे और भोजन फल फूल खाते थे और बृक्षों की डालो में घौंसले बना रखे थे सो बन कई योजन में का था इस धनवान् कुर्मी ने सब बन को काट कर विध्वंस कर दिया तिस कारण पुत्रों के सुख स्वप्न में भी होने दुर्लभ हैं ॥ शुक्रोवाच ॥ किंदानंकस्यपूजाच किंमंत्रंकिंजापकम् पक्षीशापविनिर्मुक्तो पुत्रसुखस्वप्राप्तये ॥ भृगुवाच ॥ चंद्रलक्षप्रमाणेन गायत्रीमंत्रजापकं श्रेष्ठविप्रश्चकर्मेष्टि इच्छा भोजनददेत् स्वर्णश्चदक्षिणांचैव प्रसन्नात्मसंतुष्टयः बहुअन्नंददेत्पक्षी नितप्रतिकीटभोजनम् ॥ मंत्रसंतानगोपालं अर्धलक्षप्रमाणकम् विधिपूर्वअनुष्ठानं पुत्रप्राप्तिचजीवितः ॥ सुतप्राप्तिनसंदेहो वंशवृद्धिदिनेदिने ॥ भाषा ॥ हेशुक्र यह जीव पक्षियों के पाप निमित्त एक लक्ष गायत्री जपवावे श्रेष्ठ ब्राह्मण कर्मेष्टि बैठावे तिन्हें अच्छे पदार्थ जिमावे स्वर्ण की दक्षिणा दे और बहुत सा अन्न पक्षियों को जंगल या कोठे पर डाला करे और नित्य प्रति चींटीनाल जिमावे तो पुत्र होकर जीवें वंश की वृद्धि हो ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ एतद्योगेयदाजन्म विचित्रोभागमब्रवन मध्यश्रेष्टदशाभुक्तो पूजितेसुमनोरथा ॥ पापग्रहप्रभावेण दीर्घचिंतावि
तोभवेत चित्तश्चचञ्चलोनित्यं लाभविघ्नसमुद्भवः ॥ विलम्बोजायतप्राज्ञ पुनदीर्घधनागमः हीनकार्यभवेच्चापि पश्चातेचिंतनकृतः ॥
नारीचिंताहृदेगुप्तः शत्रुमित्रवदाचरेत् जीवचिंताविशेषेण जायतेनात्रसंशयः ॥ प्रायश्चितकृतेसंत पुत्रसौख्यनसंशयः लाभकृत्योपि
सिद्धंति बृहत्वोधनमागमः ॥ सत्यवक्तासुशीलश्च अमन्याक्रोधमभवः साहसीपुरुषार्थीच दुखसौख्यविशेषतः ॥ दानीबुद्धिमतोप्राज्ञ
स०उ० विभ्रमश्चयदाकदा नूतनंवार्तयाचिंत्य कामाशक्तोण्गिुप्तता ॥ दानमन्त्रजपंपुण्य सर्वदानन्दसंभवः सर्वअल्पविनश्यंति दीर्घायुश्च
१३१ सुखावहं ॥ मनेच्छापूजितेचांते सर्वतोकार्यसिद्धति दानेनपरमंसौख्यं इष्टदेवस्यपूजनम् ॥ सुन्दरमृदुवाणीच धनसंयुक्तकौशलः
वाणिज्यश्चधनदीर्घ भृगुणापरिभाषितः पुत्रजन्मनसंदेहो अल्पजीवीचमृत्युदा ॥ भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं हेशुक्र जिस जन्मपत्री में
ऐसे गृह आनकर पड़ें सोमध्यम दशाभी देखेहै और श्रेष्ठदशाभी देखेहैं मनकी इच्छा सब पूर्ण होय परन्तु पापग्रहोंके प्रभाव करके
दीर्घचिंता होय लाभमें विघ्नआवे लाभ होता २ रुक जावे फिर बहुतसे धनका आगमनहो हीनकार्य करके पछतावे स्त्रीको गुप्तचिंतारहे
और जीवको चिंताक्लेश बनीरहै हेशुक्र पूर्व पापका प्रायश्चित करनेसे पुत्रोंका सुख देखे और यहजीव झूंठीवार्ता सुनकर क्रोधित
हुवाकरे सत्यसे प्रसन्नरहे साहसी पुरुषार्थी दानीसुकर्मी बुद्धिमान् कभी बुद्धिभ्रमसी होजावे अकलसे नवीन बात निकाले मनुष्य भला
कहैं कई अलायावें नयाजन्महो फिर आयु पूर्णभोगे हेशुक्र पृथ्वीपै यहजीव अनेकतरहके आनन्ददेखे परन्तुपुत्रके सुखसे रहितरहै
शुक्रोवाच ॥ केनकर्मानुसारेण वंशवृद्धिनदृश्यते पूर्वजन्मकथंतात उच्चारणममप्रति ॥ भाषा ॥ हेपिता कौन से कर्म इस जीव से

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

किसी पूर्व जन्ममें बने हैं जो वंशकी वृद्धि नहो और पुत्रोंके क्लेश देखे सो कहो ॥ भृगुवाच ॥ पूर्वजन्मनिपापार्थं श्रुणुपुत्रति
ध्यानक ग्वालवंशकुलेजन्म कृषीकर्मग्रहीरक ॥ मिष्टक्षेत्रञ्चउत्पत्ति गुड़खड़वाचभासये चद्रदिवसोपिहोतव्यं दीर्घपापंचभागिकं ॥
अग्निमन्द्रमहाज्वाला लोहपात्ररसाधिक युग्मसर्पमहान्दोर्घं भाविवशप्रवेशकं ॥ विषयरोरसाबूड गुडमिष्टान्नमेलनं ग्वालवंशोत्र
लोभार्थं मेलिकाकृत्यविक्रय ॥ बहुजीवगुडोभक्ष प्राणोचगवनंतथा दीर्घपापप्रभावेण वंशवृद्धिनदृश्यते ॥ अतिक्लेशमहादुक्खं
स०उ० पुत्रसुखविनश्यति ॥ भाषा ॥ हेशुक्र यह जीव पूर्व जन्म में ग्वाल वंशी अहीर था और खेती का कृत्य करे था ईख बहुत
१३२ बोवेथा मिष्टान बनाता था सो कोल्हू में भट्टी पर रस पक रहा था भावी के वश दो सर्प बड़े २ मोटे जहरीले वषियर कड़ह
में आन पड़े सो गिरतेही मृत्यु हो गई तो इस ग्वाल वंशी ने सब होतव्य अपनी दृष्टी से देखा परन्तु उस रस का त्यागन
लोभ वश नहीं किया मर हुवे सर्पों को निकाल कर फेंक दिया और उस कड़ाह के पाक का गुड़ बनवा कर बेचा वो गुड़ जिस
जीव ने खाया वही मृत्यु का प्राप्त हुवा सो बड़े पाप का भागी है इस कारण वंश की वृद्धि नहीं होती और पुत्रों को भटके हैं ॥
शुक्रोवाच ॥ किंदानकस्यपूजाच किंमत्रंकिंजापकं पूर्वपापविनिर्मुक्तो वंशवृद्धिदिनेदिने ॥ भृगुवाच ॥ स्वर्णस्यप्रतिमाकार्या
श्रद्धामात्रमाणिक युग्मसर्पलिखेन्मूर्ति गायत्रीमन्त्रजापकं ॥ यज्ञहवनञ्चदानञ्च कुर्वंतिविधिपूर्वकं संकल्पंददेत्विप्र सहितोवस्त्रभूषणं ॥
दानमन्त्रकृतेनत पूर्वपापञ्चशांतये पुत्रसुखनसंदेहो वशवृद्धिभविष्यति ॥ भाषा ॥ हेशुक्र यह जीव श्रद्धामात्र स्वर्ण पर दो
सर्पोंको मूर्ति बनावे और वस्त्र भूषण सहित विधिपूर्वक कर्मेष्टि ब्राह्मणको दानकरे और हवन करे तो अवश्य पुत्र होकर जीवें ॥

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

श्रीगणेशायनमः ॥ एषग्रहस्थितपत्री बहुविद्याचप्राप्तये कलान्वितःविलासांच विमलःसर्वकार्यकृत ॥ मतिमानचारुशीलश्च
भृगुणापरिभाषितः जन्मश्रेष्ठकुलेयातो बहुभागीचलोकमा परोपकारकर्ताच चित्तचिंताचयुक्तता मित्रपक्षमहाप्रीति सर्वसुखंचप्राप्तये ॥
साहसांसन्मानीश्च दीर्घव्ययनसंशयः श्रेष्ठशिक्षाददेत्मित्र सूरवीरोपराक्रमः ॥ युग्मअल्पमहापीडा नवीनोजन्मप्राप्तये जलग्नि
भयजीव वृथाचिन्होतिदृष्यते ॥ कस्मिनकालउपद्रोवा गुप्तचिंताभविष्यति लाभप्राप्तिविशेषेण अतितेजोप्रतिष्ठया ॥ स्त्रीप्रीति
स०उ० नसंदेहो आशक्तंचित्तयुक्तत नवीनोमन्द्रकंरचना अस्त्रभयभृगुसनमः ॥ सर्वसुखचप्राप्नोति पुत्रदुखनसंशयः पत्नीक्लेशमहाचिंता
१३३ वंशवृद्धिनदृश्यते ॥ भाषा ॥ हेशुक्र जिस जीव की पत्री में ऐसे गृह आन के पड़े हैं सो भागवान् विद्यावान् सूरवीर श्रेष्ठ कार्य
करने वाला परोपकारी पहली अवस्था से अन्त में सुख विशेष खर्च विशेष रहै श्रेष्ठ शिक्षा देने वाला इज्जत पैदा करे जल
अग्नि भय होय किसी काल में उपद्रव हो फिर शांत हो दो अल्प भुगत कर आयू पूर्ण हो स्त्री से मित्र से प्रीत नई २ लाभ
की वार्ता सोचा करे पुत्रों का दुख देखे स्त्री को क्लेश रहे सब सुख हों परन्तु पाप के कारण पुत्रों का दुख हो ॥
शुक्रोवाच ॥ केनकर्मविपाकेन वंशवृद्धिनदृश्यते त्रासपुत्रश्चभोक्तव्यं पत्नीक्लेशोपिदीर्घता ॥ पूर्वगाथाइदंजीव श्रुणुत्वंममवांछया
केनपापप्रभावेण सुतानन्दनदृश्यति ॥ भाषा ॥ शुक्र ज कहते हैं हेपिता कौन से पाप कर्म इस जीव ने पूर्व जन्म में
किये हैं जो यह और इसकी स्त्री पुत्रों को भटके ॥ भृगुवाच ॥ श्रुणुपुत्रकथासर्वं पूर्वपापश्चकारणः आद्यजन्मांतरंगाथा
कथ्यंतेविधिपूर्वकं ॥ ग्वालवंशसमुत्पन्न बहुसेवानरोभवेत् अश्वपतिगजग्रामीच तेजस्वीप्रतिष्टवान् ॥ अरजुनधेनुविख्यातो

Nepal Sanskrit University, Balmeeki Campus, Kathmandu

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri

शिवपुरग्रामवासकम् बहुदानीप्रधानजीव ग्रानन्दभूमिमंडले ॥ हस्तितथापितेयात्रा स्नानेहरिद्वारकम् रविग्रास्तानिशामार्गें
ग्रन्धकारोपिगच्छति ॥ कुमार्गोगवनंकत्वा ग्रन्यपुर्षापिवर्जयेत् पशुसर्पइदंमार्गें पगडंडीनगच्छति ॥ यात्रीमंदश्रु शुशब्द
ग्रंगिकारनकृत्यया सर्पंचसहितपुत्रो गजचर्णोंपिमृत्युदा ॥ सर्पशापप्रमुखंदत्वा सप्तजन्मग्रपुत्रवान् ॥ भाषा ॥ भृगुजी ने कहा
हेपुत्र प्रथम एक जन्म में यह जीव ग्वाल वंश था हरिद्वार गङ्गा स्नान करने जाता था सो रात्रि के समय ग्रन्य मनुष्यों ने
स०७० मना किया कि इस रास्ते में सर्प बहुत पड़े रहते हैं रात्री में मत जाग्रो सो यह न माना बहुत से सर्प ग्रादि जीवों का विध्वंस
१३४ हुवा तो पाप का भागी हुवा ॥ शुक्रोवाच ॥ किंदानंकस्यपूजाच किंमंत्रकिंजापकम् सर्पशापविनश्यंति पुत्रसुखभविष्यति ॥
भाषा ॥ हेपिता यह जीव कौनसे दान मंत्रसे पुत्रों के सुख देखे सो कहो ॥ भृगुवाच ॥ स्वर्णस्यप्रतिमाकार्या श्रद्धामात्रप्रमाणकम्
मृत्युसर्पलिखेन्मूर्ति रक्तचन्दनकारकम् ॥ गंगाजलेनसंशुद्धो धूपीदपंचचन्दनम् बीजमन्त्रश्चगायत्री लिपिकत्वाविधिपूर्वकम् ॥
दीर्घवज्रकतेदानं मन्त्रश्रद्धाप्रमाणकम् ताम्रकुम्भघृतमध्ये शुभमूर्तिप्रवेशकम् ॥ अन्नवस्त्रददेत्दानं जापंचविधिपूर्वकम् मंत्रमन्तान
गोपालं चन्द्रलक्षप्रमाणम् ॥ देवकीसुतगोविंद दूसरामन्त्र उच्चारण करे ॥ ॐ ऐं ह्रीं क्लीं श्रीं बटुकभैरवाय ग्रापदुद्धारणाय
पूर्वशापनिवारणार्थं दानमन्त्रकुरुकुरुस्वाहा ॥ मन्त्रदानकतेसन्त निश्चयपुत्रजीवितं पूर्वशापविनिर्मुक्तो वंशवृद्धिदिनेदिने ॥
भाषा ॥ भृगुजी कहते हैं स्वर्ण पत्र पर सर्पों की मूर्ति बनाय गंगाजल से शुद्ध कर विधिपूर्वक दान करे ऊपर लिखा मन्त्र पढ़ता
जाय ग्रौर एक लक्ष सन्तान गोपालका मन्त्र विद्वान् पंडित से जपवावें तो निश्चय पुत्र होकर जीवें इसमें कुछ संशय नहीं है ॥

